Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-02-2006

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

an>

Title : Need to exempt stamp fees on mortgaged land for Kisan Credit Cards from the Farmers in Punjab.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान किसान क्रेडिट कार्ड की तरफ दिलाना चाहता हूं कि सरकार ने किसानों की ऋण शक्ति बढ़ाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं। इन क्रेडिट कार्ड से किसान भरपूर लाभ उठाने लगे हैं। जब किसान को क्रेडिट कार्ड जारी किया जाता है तो किसान की जमीन मॉरगेज की जाती है। इस पर किसानों को इंडियन स्टॉम्प एक्ट के तहत स्टॉम्प फीस नहीं देनी पड़ती, लेकिन पंजाब सरकार ने किसानों से स्टॉम्प फीस एज़ लैंड रेवेन्यू वसूलना शुरू कर दिया है जिससे किसानों में भारी रोा व्याप्त है। केन्द्रीय कृाि मंत्री से अनुरोध करता हूं कि सरकार इस पॉलिसी के बारे में स्पटीकरण जरूर दे।